संक्षिप्त

महिमा शर्मा बनी छात्र संघ अध्यक्ष

चूरू, (का.सं.)। चूरू की महिमा शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में चूरू की बेटी महिमा शर्मा पीजीडीएवी कॉलेज की अध्यक्ष पद पर विजयी हुई है। महिमा शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वदी से सौ मतों से जीत हासिल की है। इससे पहले महिमा चूरू के लिए नेशनल बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक भी हासिल किया है तथा बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर भी रह चुकी है। महिमा ने पीजीडीएवी के पूर्व अध्यक्ष कुणाल विधूड़ी व तरंग जैन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। चूरू निवास पर भी जश्न मनाया गया। महिमा भाजपा शहर महामंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा की पुत्री है।

मुकेश सैनी जिला अध्यक्ष बने

पाटन, (निसं)।अखिल राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीणा व राष्ट्रीय वित्त सलाहकार हरि सिंह सैनी की अनुशंसा पर नीमकाथाना जिला अध्यक्ष पद पर नर्सिंग अधिकारी मुकेश कुमार सैनी को नियुक्त किया है। सैनी की नियुक्ति पर पैरामेडिकल में खुशी का माहोल है। सैनी जीले को नई उर्जा के साथ नर्सिंग संवर्ग को नई दिशा देंगे तथा उनकी पीड़ा को सरकार तक पहुंचाएंगे। सैनी की नियुक्ति पर नरेंद्र कुमार सैनी, लालचंद, डॉ.मुकेश,पाटन बीसीएमओ डॉ. गजानंद सैनी, पीएमओ डॉ अक्षय शर्मा, ओमप्रकाश थेबड़, अखिलेश शर्मा, पीएमओ नीमकाथाना, बजरंगलाल, गोरीशंकर सैनी, मेहरचंद सहित सैकड़ों गणमान्य लोगो ने शुभकमनाएं दी है।

पाइल्स निःशुल्क शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। द यूनिवर्सल पाइल्स वैलनेस सेंटर राणी सती रोड सीकर में 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक पाइल्स फिशर फिस्टुला एवं एवं अन्य समस्त गुदा द्वार से समंधी बीमारियों के लिए निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 78 रोगियों की निशुल्क जाँच (), ब्लड शुगर जाँच एवं उपलब्धतानुसार निशुल्क दवा वितरण की गयी इस शिविर में डॉ बलवीर सिंह, डॉ रमेश कस्वां, डॉ पंकज त्रिवेदी, डॉ मनोज मीणा, कैलाश ने सेवाएं दी।

ताइक्वांडो में 9 स्वर्ण 5 रजत जीते

चूरू, (कासं)। राजस्थान ताइक्वांडो द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता भरतपुर में आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान ताइक्वांडो द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चूरू के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कोच कविंद्र राठौर ने बताया कि सनाया, कार्तिक, वरुण, यूवल चौधरी, अंशुमन राठौर, आरव, प्रशांत, खुशवंत चौधरी, सोहेल खान ने स्वर्ण पदक जीता। दक्ष, गजेंद्र, रेहान खान, अंशु, रवि कुमार ने रजत पदक जीता। कोच ने खिलाडीयों का सम्मान किया।

कंबल वितरण व गौसेवा की

सीकर (निसं)। अनुकरणीय व जनउपयोगी पहल करते हुए सेवा सप्ताह के तहत जनसेवा में अग्रणी लायंस क्लब सीकर प्राइड के द्वारा 24 नवम्बर रविवार को दो सेवा गतिविधि की गई जिसमें परमार्थ आश्रम, सावली रोड सीकर में कंबल वितरण व गोपीनाथ गौशाला सालासर रोड सीकर में गौसेवा की गई। प्रोजेक्ट चेयर पर्सन कंबल वितरण में लायन मनोज अग्रवाल रहे तथा गौ सेवा में लायन गुड्डी अग्रवाल रहीं।

सुपरवाईजर व बीएलओ को नोटिस जारी

सीकर (निसं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) सीकर निखिल कुमार द्वारा 21 नवंबर को कुल 11 बीएलओ को नोटिस जारी, 22 नवंबर को कुल 9 बीएलओ तथा 2 सुपरवाइजर को नोटिस जारी किए गए तथा 4 बीएलओ को 17 सीसीए चार्जशीट दी गई है।

गाड़ी से युवक को कुचला

नोखा,(कासं)। नोखा थाना के देसलसर में स्थित भारतमाला रोड के पुलिया के पास एक व्यक्ति की कैम्पर गाड़ी के कुचलने से मौत हो गई। जानकारी के देसलसर गांव में भारत माला एक्सप्रेस वे के पुलिया के पास एक व्यक्ति खड़ा था तभी रंजिश वश एक कैम्पर गाड़ी में सवार होकर कुछ लोग आए व रोड के पास खड़े युवक के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी।

सी.आई.एस.एफ. के हैड कांस्टेबल का हृदय गति रुकने से निधन

खेतडी, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के डूमोली खुर्द के सेंट्रल औधौगिक सुरक्षा बल के जवान की हृदय गति रूकने से निधन हो गया। रविवार को उनके पैतृक गांव में ससमान से अंत्येष्टि की गई। सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर (58) पुत्र लक्ष्मीनारायण गुर्जर देवली टोंक में सेंट्रल औधौगिक सुरक्षा बल में कार्यरत थे। शनिवार शाम को ओमप्रकाश गुर्जर के सीने में अचानक दर्द होने लगा। जिस पर उनके साथी जवान उसे अस्पताल लेकर गए तो चिकित्सकों ने हृदय गति रूकने से उन्हें मृत घोषित कर दिया। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर 1986 में दिल्ली में हुई भर्ती में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए सीआईएसएफ में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह हैड कांस्टेबल के पद पर टोंक जिले के देवली में सेंट्रल औद्योगिक सुरक्षा बल के सेंटर में कार्यरत थे। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर पांच बहन - भाईयों में सबसे बडे थे। उनके पिता लक्ष्मीनारायण खेती-बाडी का कार्य करते हैं। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर के दो लडके कृष्ण कुमार व पितराम है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। ओमप्रकाश गुर्जर के निधन की सूचना जब उनके परिजनों को लगी तो परिजनों व गांव में कोहराम सा मच गया तथा हर कोई घटना को लेकर स्तब्ध हो रहा था। सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर बहुत ही होनहार और बहादुर जवान थे, जो यूनिट में मिलने वाले हर टास्क को मेहनत और लगन से पूरा करते थे। वह दो साल बाद सेंट्रल औधौगिक सुरक्षा बल में अपनी सेवाएं पूरी कर सेवानिवृत्त होने वाले थे। इस दौरान उनके साथ आए सेंट्रल औधौगिक सुरक्षा बल के जवानों ने अपने साथी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी।



सेंट्रल औधौगिक सुरक्षा बल के जवानों ने अपने साथी हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश गुर्जर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी।

■ पैतृक गांव डूमोली खुर्द में ससम्मान से अंत्येष्टि की गई

राजस्थानी फिल्म सन ऑफ शेखावाटी के पोस्टर का लोकार्पण

रतनगढ़, (निसं)। विनायक फिल्म्स एंड टेलीविजन और चंद्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फीचर फिल्म सन ऑफ शेखावाटी के पोस्टर का लोकार्पण रविवार को मुंबई में अभिनेता सुरेन्द्र पाल के सानिध्य में हुआ। निर्माता पवन तोदी ने बताया कि फिल्म सन ऑफ शेखावाटी 26 जनवरी से सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। निर्माता पवन तोदी ने बताया कि राजेंद्र सिंह शेखावत के निर्देशन में बनी फिल्म सन ऑफ शेखावाटी में अमरजीत सिंह, पूनम लबाना, शिव सिंह चौहान, नेंसी सिंह, सुमन शर्मा, पवन तोदी, सुशील कुमार जोशी, सरोज बरोड, सर्जना पारीक, अन्नू पूनिया, राज रावल, अफजल हसन गोरी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि गीत गिरीश भार्गव ने लिखे हैं। संगीत राजेंद्र शरनोत और शंकर महेश्वरी का है। आवाज रघुवीर सिंह राठौड़, शंकर महेश्वरी और सोनू माहेश्वरी ने दी है। निक्की बत्रा नृत्य निर्देशक और कवींद्र सिंह राठौड़ एक्शन डायरेक्टर हैं।

रतनगढ़ भाजपा शहर मण्डल ने मोदी के मन की बात का 116वां संस्करण सुना

रतनगढ़,(निसं)।भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुनाई। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा मैं पूरे महीने मन की बात का बेसब्री से इंतजार करता हूं ताकि मैं आपसे सीधा संवाद कर सकूं।

पीएम मोदी ने कहा आज बड़ा ही खास दिन है। आज एनसीसी दिवस है ।एनसीसी का नाम सामने आते ही हमें स्कूल, कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेंट रहा हूं। इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल है। लोगों से जुड़ने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने राष्ट्रीय कैडेट कोर के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने युवाओं से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने का आग्रह किया।मन की बात में आगे पीएम मोदी ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के बारे में बताया पीएम मोदी ने कहा, आप जानते हैं कि नियमों के मुताबिक सभी पेंशन धारकों को साल में एक बार जीवन प्रमाणपत्र जमा कराना होता है. 2014 तक इसकी प्रक्रिया यह थी इसे बैंकों में जाकर बुजुर्ग को खुद जमा करना पड़ता था । अब डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट देने से चीजें बहुत ही सरल हो गई हैं, बुजुर्गों को बैंक नहीं जाना पड़ता। पीएम मोदी ने चेन्नई-बिहार की अनोखी लाइब्रेरी का जिक्र भी किया।कार्यक्रम के अंत मे बूथ कार्यकर्ता का सम्मान किया गया।इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल निरंजन रूंथला, बजरंग लाल , छगनलाल श्रीकृष्ण चौमाल, सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुनाई।

■ लोगों से जुड़ने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने राष्ट्रीय कैडेट कोर के महत्व पर प्रकाश डाला

खेतड़ी में जय निवास कोठी को ताला लगाने का मामला

खेतडी,(निसं)। राजस्थान सरकार व खेतडी ट्रस्ट के बिच चल रहे विवाद ने नया मोड ले लिया। शनिवार शाम को खेतडी ट्रस्ट के द्वारा तहसीलदार सुनील कुमार के खिलाफ एक परिवाद दायर करके मामले को नया मोड दे दिया है।

सीआई भंवर लाल कुमावत ने बताया की खेतडी ट्रस्ट द्वारा पुलिस थाना खेतडी में दर्ज आरोप पत्र में शिकायत की गई है कि सुनील कुमार तहसीलदार खेतडी के साथ गिरदावर सुखलाल, पटवारी सत्यवीर सिंह, पटवारी सहायक पवन कटारिया और तहसीलदार के रीडर मनोज ने जय निवास कोठी पर 20 नवंबर को धावा देकर खेतडी ट्रस्ट के कर्मचारियों को बेदखल करके गैर कानूनी तरीके से कोठी को कब्जे में लेने की नीयत से दो दरवाजों पर ताला लगा दिया।

उन्होंने कहा कि जय निवास कोठी लावारिस मानी जाकर जुलाई 1987 में कब्जे राज ले ली गई थी और उसके सबूत में 2023 में तहसीलदार द्वारा ताले तोडते हुए वीडियो पेश किया। जबकि खेतडी ट्रस्ट का दावा है कि यह संपत्ति 1987 से निरंतर 2000 तक खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड को खेतडी ट्रस्ट द्वारा किराए पर दी हुई थी जिसका किराया भी खेतडी ट्रस्ट वसूल कर रहा था। सितंबर 2000 में बाकायदा कानूनी दस्तावेज निष्पादित करते हुए एमईसीएल ने कब्जा खेतडी ट्रस्ट को लौटा दिया और तब से आज तक जय निवास कोठी खेतडी ट्रस्ट के कब्जे में है। 6 जनवरी 2023 को तहसीलदार खेतडी ने एक बार और इस संपत्ति को कब्जे में लेने की कोशिश की थी, जिसके विरोध में खेतडी ट्रस्ट ने 17 जनवरी 2023 को अपना विरोध जयपुर कलक्टर को चिट्ठी के माध्यम से दिया। इसके बाद जय निवास कोठी का कब्जा ले लिया था। इससे पहले बुधवार को सुनील कुमार तहसीलदार खेतडी के द्वारा जयनिवास कोठी के दो ताले तोडने के लिए खेतडी ट्रस्ट के दो लोगों पर जबरन ताला तोडने का खेतडी थाने में पेश होकर मुकदमा दर्ज करवाया था तथा जयनिवास कोठी को सील कर दिया था। इस संबंध में तहसीलदार ने बताया कि खेतडी ट्रस्ट यदि जयनिवास कोठी के कागज पेश कर देता है तो मैं जयनिवास कोठी को अपनी रिसिवरी से मुक्त कर दुंगा और अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को भेज देंगे। सीआई भंवरलाल कुमावत ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से दी गई रिपोर्ट पर गहनता से जांच की जा रही है।

महिला जन सुनवाई 26 को

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार के तहत 26 नवम्बर को जन सुनवाई की जायेगी। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। यह जन सुनवाई 26 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से बीकानेर के जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की जायेगी। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग की सदस्यगण ममता कुमारी व डॉ. अर्चना मजूमदार तथा आयोग की सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इस जन सुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रीय महिला आयोग बीकानेर और आसपास के सभी शहरों जैसे हनुमानगढ़, और श्रीगंगानगर आदि की महिलाओं से यह आग्रह करता है ।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के हुसैन खान पहुंचे चूरू

चूरू, (का.सं.)। आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय चूरू में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खांन के चूरू निजी प्रवास पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचने पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खांन के नेतृत्व में पार्टी का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हुसैन खांन ने बताया कि महाराष्ट्र से लेकर पुरे भारत में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता ने स्वीकार किया है। महाराष्ट्र में प्रचण्ड बहुमत मिलने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हुसैन खांन ने बताया कि जनता अब समझदार हो गई है और कांग्रेस जैसी पार्टी को हिन्दुस्तान में स्वीकार नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि राजस्थान में 7 मे से 5 सीटो पर विजय होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल राठौड़ का योगदान काफी अच्छा रहा। लोगो ने डबल इंजन सरकार की योजनाओ को स्वीकार किया। उन्होने बताया कि देश में जितनी भी योजना चल रही है जैसे गैस सलेण्ड, किसान निधि, नल जल योजना, मुद्रा योजना, 80 करोड़ लोगो को राशन योजना इसमें हर मुस्लिम समाज को 20 से 25 प्रतिशत योजनाओं का फायदा मिल रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विकास है। उन्होने कहा कि सक्रिय सदस्यता में भी अधिक से अधिक अल्पसंख्यक मोर्चा का योगदान हो ऐसा प्रयास करें। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खांन ने बताया कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे अल्पसंख्यक मोर्चा के व्यक्ति जो अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर और गुजरात के चुनाव प्रभारी है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक हाजी सरीफ सोलंकी ने आये हुऐ हुसैन खांन का माला व दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर अजीज चौहान, महबूब डायर, इस्लाम सोलंका, शौकत गोरी, फरयाद दौलतखानी, महबूब डायर, हबीब लिलगर, मुलचन्द दुत, मनोज तंवर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जगत में शिक्षा के दान से बढ़कर कोई दान नहीं है : सांसद राहुल

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती गांव बैनाथा जोगलिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वर्गीय भींवाराम गोदारा के पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र पुरखाराम गोदारा के सौजन्य से लगभग तीन लाख पच्चीस हजार रूपये की लागत से विद्यालय के बने मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण रविवार को चूरू के सांसद राहुल कस्वां सुजानगढ़ के विधायक मनोज मेघवाल व रतनगढ़ के विधायक पूसाराम गोदारा ने विधिवत फिता काट कर किया।

इस अवसर पर लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि जगत में शिक्षा के दान से बढ़कर कोई दान नही है। धन की सर्वोत्तम गति दान ही होती है। भामाशाह गोदारा ने अपने खून पसीने की कमाई से शिक्षा जगत में विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार बनाकर भलाई व पून्य का काम किया है। उन्होंने कहा कि उचित जगह पर किया गया दान सर्वेश्रेष्ठ और फलदाइ होता है। कस्वां ने कहा कि शिक्षा ओर खेल के क्षेत्र में विद्यालय में जो भी कमी होगी उसे पुरा करने का प्रयास करेंगे। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि शिक्षा जगत में किया गया कोई भी विकास सराहनीय है। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि शिक्षा जगत में गोदारा परिवार ने अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई लगाकर परोपकार व पून्य कार्य किया है। गोदारा ने उपस्थित ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आव्हान किया। समारोह प्रधानाचार्या आरती मेहरा, कांग्रेस नेता व पूर्व देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनिवाल ने अपने विचार रखें। मंचस्थ अतिथियों का दानदाता परिवार के पुरखाराम, भगवानाराम, सुगनाराम, लाभुराम, मदनलाल, रामचंद्र गोदारा ने साल, साफा, माला व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। समारोह में बीदासर पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, ढढैरू सरपंच सुरेश खेरिया, लुहारा सरपंच नरेंद्र बेनिवाल, मोहन राम मेघवाल, रूपाराम भामू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह का संचालन कांग्रेस देहात मंडल के अध्यक्ष पूनाराम मेघवाल ने किया।

भामाशाह का किया सम्मान - विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार बनाने वाले पुरखाराम गोदारा व उनके परिवारजनों का विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या आरती मेहरा, साफा, माला व सम्मान पत्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

विद्यालय के बने मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया ।

■ तीन लाख पच्चीस हजार रुपए की लागत से बने विद्यालय के मुख्य द्वार का लोकार्पण

राजगढ़ की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। एमएसजी डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना महाराज के पवित्र अवतार माह की राजगढ की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा गांव लुटाणा मगनी में हुई। रविवार सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक आयोजित ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में राजगढ ब्लॉक के गांवो की साध-संगत ने शिरकत करते हुए एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना महाराज के भण्डारे की खुशियां मनाई। वहीं पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के हुक्मानुसार आयोजित नामचर्चा में साध संगत ने सर्वप्रथम धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती का शब्द बोलकर नामचर्चा का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कविराज भाईयों ने पवित्र अवतार माह के खुशियों के एक से बढकर एक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी। वहीं राजस्थान प्रान्त के 85 मेंबर प्रभूराम इंसा व रामचन्द्र इंसा ने सभी से नामचर्चा में अधिक से अधिक आने को कहा।

सार-समाचार

पूर्व विधायक की वैवाहिक वर्षगांठ मनाई

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान सरकार में मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया एवं पूर्व विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया की वैवाहिक वर्षगांठ पर रविवार को श्री मनोकामना सिद्ध बालाजी धाम सेवा समिति ने पिंजरापोल गोशाला रामबास मै गौमाता गो गुड खिलाकर वैवाहिक वर्षगांठ बनाई व इन की सुख शांति को गौमाता से कामना की। यह जानकारी मुकेश सैनी ने दी। इस अवसर पर पुजारी मनोज शर्मा, सुनील प्रजापत, मुकेश प्रजापत, मनीष छिंपी, जुगल रोहीवाल, पवन स्वामी, सुमित चांगल, मोनू कुमावत, योगेंद्र प्रजापत, वंदना, निशा प्रजापत, ज्योति प्रजापत, दिव्या प्रजापत, मनीषा प्रजापत, निकिता व अंजू शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फोटो-०5-०6 पिंजरापोल गौशाला में गायों को गुड खिलाकर राजस्थान सरकार में मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया एवं पूर्व विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया की वैवाहिक वर्षगांठ मनाते कार्यकर्तागण

मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा आज से

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं जिले के इस्लामपुर कस्बे में वार्ड नंबर 4, सांखला कॉलोनी सागर सेठ की हवेली के पास स्थित मनोकामना पूर्ण हनुमान जी के मंदिर में मातृ - पितृ देवों भव शिवालय में शिव परिवार एवं मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम सोमवार 25 नवंबर से शुरू होकर 27 नवंबर बुधवार को विधिवत रूप से पूर्ण होगा। मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का यह तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आचार्य रवि शंकर शर्मा झुंझुनूं के सानिध्य में विद्वान पंडित गणों द्वारा विधि विधान पूर्वक किया जाएगा। आचार्य रवि शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 नवंबर सोमवार को पूजा एवं जप कार्यक्रम शुरू होगा और 26 नवंबर को अनादि वासी से स्नान, फलादिवास, पंचामृत, शुद्ध जल और पुष्पादि वास के बाद शयनादिवास होगा और इसी दिन शाम 7 बजे यज्ञ भी किया जाएगा। वहीं तीसरे दिवस 27 नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा और नगर भ्रमण उपरांत मूर्तियां स्थापित की जाएगी। इसके बाद में आरती के उपरांत सांय काल में संगीतमय सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

'भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी'

चूरू, (का.सं.)। पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर बूटियां मण्डल की संगठन पर्व की कार्यशाला मण्डल अध्यक्ष विजय कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर संगठन पर्व के मण्डल सहयोगी दीनदयाल पारीक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी यहां कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य करते है। पार्टी वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम करती है। उन्ही कार्यक्रमो में संगठन पर्व की यह कार्यशाला आयोजित की गई है जो प्रत्येक मण्डल स्तर पर आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में बूटियां मण्डल अध्यक्ष विजय कस्वां ने कहा कि यह संगठन पर्व की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसका उदेश्य पार्टी की गतिविधियों को गतिशिलता देना है। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार जब से प्रदेश में बनी है तब से ही राजस्थान विकसित प्रदेश बनने की और अग्रसर है। उन्होने कहा कि पुरे जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान जोर शोर से चल रहा है। मण्डल अध्यक्ष ने मण्डल पर आगामी कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि मण्डल स्तर पर पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान चल रहा है और इसमें कार्यकर्ताओ को सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष हरिसिंह ढाका, किसान मोर्चा अध्यक्ष दलीप सिंह कस्वां, भाजयुमो अध्यक्ष अमित ढाका, जीएसएस अध्यक्ष् दौलतराम सहारण, पूर्व सरंपच महेन्द्र सिंह, जयकिशन स्वामी, छगनसिंह राठौड़, रणवीर कस्वा, लालचन्द फौजी, रामसिंह फौजी, राजेन्द्र चौहान, अजय शर्मा, सन्तलाल, बृजलाल, जीवणराम, तेजाराम प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण

बीकानेर, (कासं)। हर बेरोजगार सरकारी नौकरियों की ओर ही दौड़ रहा है, लेकिन कौशलता से स्वरोजगार प्राप्त करना आसान होता है। यह उद्बोधन वरिष्ठ साक्षरता कर्मी व बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष अविनाश भार्गव ने भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सौजन्य से बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा संचालित अस्सिटेंट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण केन्द्र के समापन समारोह एवं दीक्षांत समारोह में कही। भार्गव ने कहा कि आपको जिस फील्ड में लगता है कि अच्छी संभावना है तो उसकी साथ ही साथ तैयारी करते जाइये आपको सफलता अवश्य मिलेगी। संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश सुथार ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आपको जो हुनर मिला है तो पहली फुरसत में उस कार्य को शुरू कर दें। हुनर से आपको सफलता मिलेगी। संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर आचार्य ने कहा कि पांच महीने के असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण शिविर में कंप्यूटर बेसिक से जुड़े बहुत से गुर सिखाये गये। इस प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षणार्थी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर खुद का इंस्टीट्यूट खोल सकते है। केंद्र की संदर्भ व्यक्ति खुशबू भाटी ने सिखाये गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया।

समरस सनातन यात्रा की तैयारी में जूटी भगवा रक्षा वाहिनी

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (नि.सं.)। शेखावाटी अंचल में समरस सनातन यात्रा क्षेत्र के गांवों, ढाणियों व मौहल्लों में पहुंचेंगी। यात्रा का शुभारंभ सालासर से होगा जबकि सीकर में समापन होगा। बुद्धगिरी मंडी के महंत दिनेश गिरी महाराज सहित संतों के सानिध्य में आयोजित होने वाली समरस सनातन यात्रा 20 दिसंबर को लक्ष्मनगढ पहुंचेंगी। यात्रा की अगवानी, व्यवस्था व सफलता के लिए भगवा रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी सदस्य तैयारी में जूटे है। यह जानकारी देते हुए वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया कि तैयारी के लिए कार्यकर्ता जल्द ही महाराज से मिलकर लक्ष्मनगढ की यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वाहिनी के ताराचंद ठेकेदार, विक्रम सिंह तंवर, राजेश जोशी, राकेश सेन, प्रमोद सैनी, विनोद पाराशर, बिल्लू सेन, शशि पारीक, गिरधारी लाल जाजोदिया सहित पदाधिकारी सदस्यों ने मीटिंग आयोजित कर महाराज से मिलने का निर्णय लिया तथा महाराज के सानिध्य में जल्द ही लक्ष्मनगढ में सनातनी बंधुओं को मीटिंग आयोजित की जाएगी

विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन होगा

झुंझुनूं,(निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। देशभर से चुने हुए तीन हजार युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढने में अपने विचार शामिल कराने का अवसर होगा। इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढेगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत चुनौती विषय पर चार चरणीय प्रतियोगिता होगी। जो विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम पुनर्कल्पित युवा महोत्सव है। जिसमें भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी प्रेरित करने की चार चरणों में प्रतियोगिता शामिल है।